प्रादेशिक समाचार
30.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राज्य में 13 नवंबर को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के अंतिम दिन आज कई प्रत्याशियों ने वापस लिया अपना नामांकन, दूसरे चरण के लिए नामांकन पत्रों की हुई जांच।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार नवंबर को झारखंड में करेंगे चुनावी अभियान की शुरूआत, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की 3 नवंबर को कई चुनावी सभा।
3. भाजपा झारखंड के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने–जनजातीय हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने पर दिया जोर।
4. राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद, हजारीबाग, देवघर समेत कई जेलों में हुई छापेमारी, रांची के एक निजी स्कूल में छापेमारी में बरामद रुपयों की गिनती जारी।
5. मौसम विभाग ने रांची, कोडरमा, गिरिडीह समेत राज्य के तेरह जिलों में कल बारिश का जताया पूर्वानुमान।

****************

13 नवंबर को 43 निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले मतदान को लेकर आज अंतिम दिन कई प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया है। रांची विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी मुनचुन राय और संदीप वर्मा ने अपना नामांकन वापस लिया है। वहीं जगन्नाथपुर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंगल सिंह गिलुवा ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया है। इधर कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से तीन प्रत्याशियों की नाम वापसी के बाद 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इससे पहले कांके विधानसभा क्षेत्र से कमलेश राम ने भी अपना नामांकन वापस लिया था।

****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की गई। इस चरण के लिए 6 सौ चौंतीस उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किये हैं। अगले महीने की बीस तारीख को दूसरे चरण में 38 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार नवंबर को झारखंड में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने पत्रकारों को बताया कि श्री मोदी चार नवंबर को गढ़वा और चाईबासा में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी से पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन नवंबर को झारखंड में तीन सभाओं को संबोधित करेंगे।
आज चाईबासा में एक कार्यक्रम के दौरान श्रीसरमा ने कहा कि–जनजातीय हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने पर भाजपा का जोर रहेगा।

****************

झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रांची में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के शाषणकाल में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

****************

निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटाने का आदेश दिया है। आयोग ने सरकार को पत्र लिखकर देवघर एसपी के पद पर तैनात करने के लिए तीन आईपीएस अधिकारियों के नाम का पैनल मांगा है। इससे पहले लोगसभा चुनाव 2024 के दौरान भी श्री डुंगडुंग को देवघर से चुनाव कार्य से हटाया था। उनपर एक दल विशेष के पक्ष में काम करने के आरोप में यह कार्रवाई की गयी थी।

***************

विधानसभा चुनाव को लेकर आज धनबाद, हजारीबाग, देवघर समेत राज्य की कई जेलों में छापेमारी की गई। उधर पाकुड़ के उपायुक्त मनीष कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में पाकुड़ जेल में छापेमारी की गई। इधर गिरिडीह, साहिबगंज, जामताड़ा जेल में भी छापेमारी की गई। हालांकि कहीं से कोई आपत्तिजनक सामान की बरामदगी नहीं हुई है।

वहीं दूसरी ओर राजधानी रांची में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई।

***************

विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे राज्य में जांच अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में आज रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल में भारी मात्रा में कैश होने की सूचना पर पुलिस स्कूल परिसर में छापेमारी की जहां मशीन मंगाकर नोटों की गिनती की जा रही है।

***************

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से फर्स्ट टाइम वोटरों को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से कई तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। राज्य के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि उनका लिखा गाना नये मतदाताओं को वोट के लिए जागरूक कर रहा है।

***************

गिरिडीह जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

***************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी राजनीतिक दलों से आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने का निर्देश दिया है। श्रीकुमार आज रांची स्थित निर्वाचन सदन में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट में नाम वाले वोटर अपना मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य 12 पहचान पत्रों में से कोई एक दिखाकर मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज समेत अन्य आईडी शामिल हैं।

***************

मौसम विभाग ने रांची, कोडरमा और गिरिडीह समेत राज्य के 13 जिलों में कल बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत कुछ जिलों को छोड़कर अन्य हिस्सों में दीपावली के दिन हल्की बारिश हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि छठ से ठंड बढ जायेगी।

***************

<u>संक्षिप्त खबरें</u>

- गढ़वा जिले के नगर उंटारी क्षेत्र से एसीबी की टीम ने एक स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।
- लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना हाजत में एक आरोपी ने आत्महत्या कर ली है।
- लोहरदगा जिले के कुड़ू थाना क्षेत्र के डोभा में डूबने से एक किसान की मौत हो गई है।

*******समाप्त*******